उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, मंगलवार, 3 नवंबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

धूमधाम से संपन्न हुआ प्रख्यात संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी का 138वां प्राकट्य महोत्सव।



संवाददाता खुशांत गुप्ता वृंदावन। वंशीवट स्थित संकीर्तन भवन में प्रख्यात संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी का आठ दिवसीय 138वां प्राकट्य महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के अंतर्गत प्रख्यात भागवत प्रवक्ता गोपाल भैया के मुखारविंद से संगीतमय भागवत चरित कथा, विचार गोष्ठी, संत-विप्र एवं ब्रजवासी सेवा तथा वृहद भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।नाभा पीठ सुदामा कुटी के अध्यक्ष जगद्गुरु सुतिचन दास देवाचार्य की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें पीपा पीठाधीश्वर जगद्गुरु बाबा बलराम दास देवाचार्य महाराज, संत प्रवर गोविंदानंद तीर्थ, पुरुषोत्तम शरण महाराज, प्रख्यात साहित्यकार एवं यूपी रत्न डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, भजन सम्राट बनवारी महाराज, गोपाल भैया, विनय त्रिपाठी, मंगेश दुबे, आचार्य बद्रीश, श्रीमहंत फूलडोल बिहारी दास महाराज, सौरभ गौड़, बुद्धि प्रकाश शास्त्री, डॉ. रामदत्त मिश्रा तथा पंडित श्याम सुंदर ब्रजवासी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए उन्हें भारतीय वैदिक संस्कृति का संवाहक, युग प्रवर्तक तथा गोसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संत बताया। वक्ताओं ने कहा कि प्रभुदत्त ब्रह्मचारी ने अपने जीवन और कार्यों से भारतीय आध्यात्मिक परंपरा, वैदिक संस्कृति तथा गोसेवा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

एक नज़र में

ग्राम पंचायत पींगरी में सचिव व रोजगार सेवक पर भ्रष्टाचार के आरोप, जांच की मांग।

भाजपा सरकार में महिलाओं के सम्मान की रक्षा। जयवीर सिंह

AEWA का चतुर्थ राष्ट्रीय वार्षिक महाधिवेशन लखनऊ में संपन्न, 2,000 से अधिक सदस्यों का मजबूत परिवार बना संगठन।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

ग्राम पंचायत पींगरी में सचिव व रोजगार सेवक पर भ्रष्टाचार के आरोप, जांच की मांग।



संवाददाता हरिपाल सिंह फरह, मथुरा। ग्राम पंचायत पींगरी के ग्राम प्रधान थान सिंह ने ग्राम पंचायत सचिव जुगेंद्र एवं रोजगार सेवक भगवान स्वरूप पचौरी के विरुद्ध भ्रष्टाचार, सरकारी धन के दुरुपयोग तथा मनमानी कार्यप्रणाली के आरोप लगाते हुए मुख्य विकास अधिकारी, मथुरा को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान थान सिंह ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक कथित रूप से मिलीभगत कर फर्जी मोहर एवं फर्जी कार्य दर्शाकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं।

देश

भाजपा सरकार में महिलाओं के सम्मान की रक्षा। जयवीर सिंह



संवाददाता हर्ष राठी जवां: भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं के सम्मान की रक्षा की है, महिला सशक्तिकरण, गुंडे माफियाओं पर नकेल डाल कर वह मुक्त समाज की स्थापना, सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास ही भाजपा की नीति व सिद्धांत रहा है यह बातें बरौली विधायक ठाकुर जयवीर सिंह ने विकास खंड जवां के मुख्य गेट का फीता काटकर लोकार्पण के दौरान सभागार में आयोजित लोगों की सभा में कहीं। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा विकास की राजनीति की है, जाति पांति छुआछूत से अलग हटकर उन्होंने हमेशा गरीब व जरूरतमंदों का साथ दिया है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जनता का विश्वास जीता है।

देश

AEWA का चतुर्थ राष्ट्रीय वार्षिक महाधिवेशन लखनऊ में संपन्न, 2,000 से अधिक सदस्यों का मजबूत परिवार बना संगठन।



संवाददाता श्रीकांत तिवारी नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन, संतोष पाण्डेय बने राष्ट्रीय अध्यक्ष; उत्तर प्रदेश के सभी 18 मंडलों में भी अध्यक्षों की घोषणा। लखनऊ। एग्रीकल्चर एम्प्लॉयी एसोसिएशन (AEWA) का चतुर्थ राष्ट्रीय वार्षिक महाधिवेशन रविवार, 1 नवंबर 2026 को लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित होटल क्लिक में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सुबह से शाम तक चले इस महाधिवेशन में देशभर से कृषि क्षेत्र की निजी कंपनियों में कार्यरत बड़ी संख्या में सदस्यों ने सहभागिता की।महाधिवेशन में संगठन के सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के उद्देश्य, उपलब्धियों, भविष्य की योजनाओं तथा कृषि क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन पर विस्तार से चर्चा हुई।